कार्यालय प्राचार्या साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय, मोखरा (रोहतक)

मेंटर-मेंटी प्रोग्राम रिपोर्ट 2023-24

मेंटर-मेंटी शिक्षण संस्थाओं का एक बहुत ही महत्वपूर्ण तत्त्व है जोकि शिक्षक तथा फैकल्टी के बीच के गैप को खत्म करता है । मेंटर अथवा सलाहकार छात्र-छात्राओं के लिए **ज्ञान के स्रोत के रूप में, लक्ष्य निर्धारित करने में मदद करने वाला, प्रोत्साहन देने वाला, रचनात्मक प्रतिक्रिया देने वाला, दिशानिर्देश देने वाला** तथा **निःशुल्क अनुभव देने वाले** व्यक्ति के रूप में कार्य करता है।

यह प्रोग्राम छात्राओं को भावनात्मक सहायता तथा सलाह प्रदान करता है जिससे महाविद्यालय में एक अच्छा मौहोल बनता है । मेंटर संस्थान में छात्राओं के पालक का काम करता है जिसका छात्राओं की निरंतरता तथा अकादमिक उपलब्धियों के ऊपर एक सकारात्मक प्रभाव पड़ता है । छात्राएं शिक्षा से सम्बंधित और अपने किसी भी व्यक्तिगत मार्गदर्शन के लिए अपने मेंटी की सहायता ले सकती हैं । यह छात्राओं के अंदर विविध प्रकार की क्षमताओं को जानने में उनकी सहायता करता है तथा छात्राओं तथा स्टाफ के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करता है ।

महाविद्यालय में मेंटर मेंटी का कार्य **श्री संदीप कुमार, सहायक प्रोफेसर हिंदी** के सहयोग से कार्य कर रहा है । महाविद्यालय में हर महीने के अंतिम शनिवार को छात्राओं के लिए मेंटर-मेंटी की क्लास लगाई जाती है। इसके लिए महाविद्यालय में पढ़ने वाली समस्त छात्राओं को विभिन्न ग्रुपों में बांटा गया है तथा सभी ग्रुप को एक-एक मेंटर प्रदान किया गया है । महाविद्यालय में हर महीने के अंतिम शनिवार को मेंटर-मेंटी क्लास का आयोजन किया जाता है, जिसके तहत महाविद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं को विभिन्न ग्रुपों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक छात्राओं के ग्रुप को महाविद्यालय के एक प्राध्यापक को मेंटर के तौर पर अलॉट किया गया है। मेंटर-मेंटी क्लास को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं को उनके दैनिक जीवन (विद्यार्थी जीवन) में आने वाली परेशानियों को सुन्ना तथा उनका समाधान करना है इसके अलावा छात्राओं के करियर से सम्बंधित दिशानिर्देश देना, उनके प्रश्नों का उत्तर देना भी उनके मेंटर की जवाबदेही निर्धारित की गई है।

इस सम्पूर्ण प्रक्रिया को स्मूथ बनांने के लिए सभी मेंटर को नोटबुक उपलब्ध करवाई गई है जिसके अंदर उनके तहत आने वाली सभी छात्राओं का सम्पूर्ण रिकॉर्ड जैसे की उनकी अकादमिक और पाठ्यकर्म से सम्बंधित उपलब्धियां दर्ज की जाती है।

इसके अतिरिक्त इस प्रोग्राम के तहत शिक्षा-सत्र के अंत में सभी मेंटर अपने अधीन छात्राओं की गतिविधियों की दोबारा से पुनः मूल्यांकन करते हैं तथा उनकी फाइनल रिपोर्ट प्राचार्य के पास जमा करवाते है ।

महाविद्यालय के द्वारा आयोजित की गई शिक्षा-सत्र **2023-24** की मेंटर-मेंटी प्रोग्राम का ब्यौरा इस प्रकार है:-

Sr. No.	**Students Enrolled**	**Mentors**	**Mentor Mentee Ratio**
01	201	04	1:50

26/4/2024

26-04-24

प्राचार्या

Principal

साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय

S.M.G.G.C.

MOKHRA (Rohtak)

मोखरा